प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)
मोटे अनाज के विषय में जागरूकता

पन्तनगर। 19 मई 2023। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में चल रही 'अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना–कृषि में महिलाएं' के वैज्ञानिकों द्वारा श्रीअन्न ग्राम कार्यक्रम के तहत भीमताल ब्लॉक के बेलुवाखान गाँव में महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु 'मोटे अनाजों के मूल्यवर्धन' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान परियोजना के वैज्ञानिकों द्वारा महिलाओं को मोटे अनाज पर आधरित व्यंजनों जैसे मंडुआ लड्डू, झंगोरा, केक, इडली, पोहा आदि के बारे में जानकारी एवं व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया गया। इसके साथ ही महिलाओं को इनके संवर्धन के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण मे कुल 21 महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं को समूह बनाकर मोटे अनाज आधारित लघु उ़द्योग आरंभ करने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न मोटे अनाजों (मिलेट) के महत्त्व को दर्शाया गया। प्रतिभागियों को मोटे अनाजों के फायदे एवं उनमें पाये जाने वाले प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, जैसे पोषक तत्वों के बारे में बताया गया। जिन्हें खाने से मोटापा, हृदय रोग, पाचन की समस्या कम होती है साथ ही शरीर में कैल्शियम की कमी दूर की जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम में महिलाओं को मोटे अनाजों की जानकारी देते अधिकारी।